समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Wednesday, 23 September 2026

# IPL 2025 की फाइनल मैच के दौरान अंबानी ने कमाए हजारों करोड़ रुपये, जानिए कैसे ?

Publisher

Published on 04 Jun 2025




## ‘हॉटस्टार’ और ‘जिओ सिनेमा’ के विलय के बाद IPL 2025 का सबसे बड़ा डिजिटल प्रसारण हुआ, जिससे मुकेश अंबानी की कंपनी ने करोड़ों की कमाई की।

### IPL 2025 फाइनल मे रिकॉर्ड दर्शक और अंबानी की भारी कमाई

**IPL 2025 फाइनल : इंडियन प्रीमियर लीग (IPL) का 18वां सीजन 2025** में नए रिकॉर्ड के साथ समाप्त हुआ। अहमदाबाद के **नरेंद्र मोदी स्टेडियम** में रविवार को हुए फाइनल मुकाबले को **लगभग 64.3 करोड़ दर्शकों ने लाइव** देखा। इस सीजन के प्रसारण अधिकार ‘**जिओ हॉटस्टार**’ और ‘**जिओ सिनेमा**’ के बीच विलय के बाद पहली बार **रिलायंस इंडस्ट्रीज** के हाथ में थे। मुकेश अंबानी की कंपनी के पास ‘हॉटस्टार’ में 63.16% हिस्सेदारी है, जिससे इस टूर्नामेंट से उनकी कमाई कई गुना बढ़ गई।

### करोड़ों का कारोबार : IPL 2025 मे रिलायंस का बड़ा हिस्सा

**बीसीसीआई (भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड)** के अनुसार, **IPL 2025 मे टीवी, डिजिटल** और **स्पॉन्सरशिप** से लगभग **6,000 से 7,000 करोड़ रुपये** की कमाई हुई है। खासतौर पर ‘**जिओस्टार**’ ने **विज्ञापन** और **सब्सक्रिप्शन से लगभग 6,000 करोड़ रुपये** का टार्गेट रखा था, जो पिछले साल के 4,000 करोड़ से बहुत अधिक है।

### जिओस्टार कैसे कमाता है करोड़ों ?

‘**जिओस्टार**’ सब्सक्रिप्शन के जरिए बड़ी कमाई करता है। IPL जैसे बड़े इवेंट में लाखों लोग इसके प्लेटफॉर्म पर मैच देखते हैं।

इसके अलावा लाइव स्ट्रीमिंग के दौरान लगने वाले विज्ञापन भी बड़ी आय का स्रोत हैं। एक अनुमान के मुताबिक, IPL के दौरान 10 सेकंड के विज्ञापन का शुल्क 18 से 19 लाख रुपये होता है, जबकि इस बार विज्ञापन दरों में 20-30% की वृद्धि हुई है।

**मुकेश अंबानी ने IPL से कमाए कितने करोड़?**

**मुकेश अंबानी** की **रिलायंस इंडस्ट्रीज** ने इस **IPL 2025 सीजन** में भारी मुनाफा कमाया है। हालांकि कंपनी ने आधिकारिक तौर पर कमाई का आंकड़ा जारी नहीं किया है, लेकिन मैच के दौरान दर्शकों की संख्या और विज्ञापन की बढ़ी हुई दरों से अंदाजा लगाया जा सकता है कि अंबानी ग्रुप ने हजारों करोड़ रुपये कमाए होंगे।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.